# शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का आबूसर में शुभारंभ हुआ

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं के आबूसर में सोमवार से शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेला शुरू हुआ। मेले का शुभारंभ सांसद नरेंद्र कुमार, जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी, एसपी प्रदीप मोहन शर्मा, झुंझुनूं पंचायत समिति प्रधान पुष्पा चाहर, सभापति नगमा बानो आदि ने किया। इस मौके पर सांसद ने इस तरह के आयोजनों पर प्रकाश डाला और कहा कि कोरोना के बाद हो रहे इस मेले में ना केवल काफी परिवारों को रोजगार मिलेगा। बल्कि आमजन भी फिर से आम जनजीवन में लौटेगा। सभापति नगमा बानो मेले को लेकर काफी उत्साहित नजर आई। उन्होंने कहा कि मेला उनका फेवरेट है। यही कारण है कि वे हर मेले में आती है। खासकर झूले उनको पसंद है। शुभारंभ कार्यक्रम में महेंद्र झाझडिया, धर्मपाल जानूं के अलावा डीएफओ आरके हुड्डा, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला, ग्राम सरपंच रोहिताश, आरएम योगेश शर्मा, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, पीआरओ हिमांशु सिंह उपस्थित रहें। इस दौरान अतिथियों की ओर से फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारम्भ किया गया। महाप्रबंधक योगेश कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा मेले में स्थापित विभिन्न उत्पादों की स्टाल्स की जानकारी दी। समारोह में राजस्थानी शिशु मंदिर स्कूल की छात्राओं द्वारा गणपति वंदना, राणीसती बालिका उमावि की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई।



सांसद नरेंद्र कुमार, जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी, एसपी प्रदीप मोहन शर्मा, झुंझुनूं पंचायत समिति प्रधान पुष्पा चाहर, सभापति नगमा बानो ने शेखावाटी हस्तशिल्प एवं पर्यटन मेले का शुभारंभ किया।

न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय की बालिकाओं द्वारा ग्रुप डांस किया गया। अंत में सभी अतिथियों ने मेले में लगी स्टॉलों का अवलोकन किया। उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक योगेश कुमार शर्मा ने बताया कि मेला प्रातः 9 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। मेले में हस्तशिल्प, लघु उद्योग एवं खादी ग्रामोद्योग इकाईयों एवं स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खान, पान आदि की स्टाल्स भी लगाई गई है। कृषकों के लिए कृषि क्षेत्र में विभिन्न नवाचारों जैसे उन्नत एवं जैविक खेती की जानकारी प्रदान करने के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग के समन्वय से विशेष स्टाल्स लगाई गई है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा मेला अवधि के लिए प्रातः 9.30 बजे से रात्रि 9 बजे तक दो बसे बस स्टेण्ड झुंझुनूं से मेला स्थल क लिए निःशुल्क संचालित की जाएगी।

■ **कोरोना के बाद हो रहे इस मेले में ना केवल काफी परिवारों को रोजगार मिलेगा बल्कि आमजन भी फिर से आम जनजीवन में लौटेगा : सांसद**

मेले के दौरान बीएल किश्तुरी क्लासेज झुंझुनूं के सौजन्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 3 मार्च को सुबह 11 बजे सितोलिया प्रतियोगिता एवं दोपहर 2 बजे रूमाल झपट्टा (महिला), 4 मार्च को सुबह 11 बजे हरदडा (पुरूष एवं महिला) एवं दोपहर 2 बजे दादा - पोता दौड प्रतियोगिता, 5 मार्च को सुबह 11 बजे महिला एवं पुरूष तीन टांग की दौड एवं सायं 2 बजे महिला म्यूजिकल चेयर एवं 6 मार्च को सुबह 11 बजे महिलाओं द्वारा मटका दौड एवं सायं दोपहर 2 बजे शेखावाटी पारम्परिक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मेल के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन सायं 6.30 बजे से 8.30 बजे तक किया जाएगा।

## 'अहिंसा, नैतिकता और नशा मुक्ति के मार्ग पर चलें'

**झुंझुनूं**, (निसं)। आचार्य महाश्रमण अपनी अहिंसा यात्रा के तहत झुंझुनूं जिले के दौरे पर हैं। रविवार को टमकोर के बाद सोमवार को वे मलसीसर पहुंचे। यहां एक निजी स्कूल में प्रवास के दौरान उन्होंने आमजन को विश्व बंधुत्व की भावना का संदेश देते हुए अहिंसा, सद्भावना, नैतिकता और नशा मुक्ति के पथ पर चलने की अपील की।

जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने आचार्य महाश्रमण को जिला प्रशासन की तरफ से अभिनंदन पत्र भी भेजा। जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह ने बताया कि महाश्रमण ने साधुवाद देते हुए झुंझुनूं की जनता को आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्य महाश्रमण के प्रवक्ता मुनि कुमारश्रमण ने बताया कि आचार्य महाश्रमण झुंझुनूं जिले से बेहद लगाव रखते हैं,क्योंकि यह जिला आचार्य महाप्रज्ञ की जन्मस्थली भी है और यहां अनेक संत जन्मे हैं।

सोमवार को वे? सांखू के लिए ?रवाना हुए हैं, इसके बाद वे पिलानी में भी अपना संदेश देंगे। गौरतलब है कि राजकीय अतिथि आचार्य महाश्रमण अपनी अहिंसा यात्रा के तहत अब तक 51 हजार किलोमीटर से अधिक दूरी की पदयात्रा कर चुके हैं।

## न्यायिक अधिकारियों को विदाई

**सादुलपुर**, (निसं)। अभिभाषक संघ राजगढ की ओर से न्यायालय परिसर राजगढ में स्थानान्तरित अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश प्रथम आशीष कुमार दाधीच व अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश नीलम शर्मा तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का विदाई समारोह एवं नवनियुक्त अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश द्वितीय लतीका दीपक पारासर एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लीलूराम सिहाग का माल्यार्पण एवं साफा व शॉल औढाकर स्वागत किया। अभिभाषक संघ राजगढ के अध्यक्ष रामनिवास गुर्जर नें बताया कि इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता बलवीर जांगिड़, चन्द्रभान कुल्हरि, राजेन्द्रराठौड़, महावीर सिंह पूनियां, विमल शर्मा व महेश अग्रवाल नें न्यायिक अधिकारियों के स्वागत समारोह में शॉल, साफा, श्रीफल एवं प्रतिक चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन पुष्पकान्त शर्मा नें किया।

## विप्र कल्याण बोर्ड के गठन पर धन्यवाद दिया

**चूरू**, (का.सं.)। ब्राह्मण महासभा तारानगर की बैठक का आयोजन महासभा अध्यक्ष शंकरलाल महर्षि की अध्यक्षता एवं डॉ. महेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

बैठक में महासभा उपाध्यक्ष गुलाब सांखोलिया विशिष्ट अतिथि थे। बैठक की शुरुआत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को विप्र कल्याण बोर्ड के गठन के लिए आभार व्यक्त करने से हुई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पवन शर्मा ने बैठक के मुद्दों की जानकारी दी और नये भवन के निर्माण के साथ साथ प्रतिभा सम्मान समारोह एवं परशुरामजी सर्किल के सुंदरीकरण का प्रस्ताव रखा।

जिसको सर्वसम्मति से स्वीकृत कर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि सामाजिक उत्थान में सभी क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज का मजबूत दखल होना चाहिये। इसके लिए शिक्षा, संस्कृति तथा अध्यात्मिक विषयों पर ब्राह्मण समाज की मजबूत पहल जरूरी है। समापन के दौरान महासभा अध्यक्ष शंकरलाल महर्षि ने पधारे हुए सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज ने जो जिम्मेवारी मुझे दी है। उसे मैं सबको साथ लेकर एवं सर्वसम्मती से पूर्ण निष्ठा के साथ निभाउंगा। इस मौके पर पुष्कर दत्त इंदोरिया, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, हरीश धेरड़, हरी इंदोरिया, सुनील शर्मा, कुलदीप शर्मा, गोविन्द शर्मा, सीताराम शर्मा, शिव शर्मा, हरि इंदौरिया, राकेश लाटा, मंगल चंद शर्मा, पवन कुमार शर्मा, कुलदीप शर्मा, मनीष शर्मा, सतीश शर्मा, गोविंद शर्मा, आईदान शर्मा, विजेंद्र शर्मा, गुलाब शर्मा, रेवंतमल शर्मा, सुनील शर्मा आदि ने अपने विचार रखे।

## पुरानी पेंशन बहाल करने पर आभार जताया

**झुंझुनूं**, (निसं)। न्यू पेंशन स्कीम एंप्लाइज फेडरेशन ऑफ राजस्थान के बैनर तले कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। एनपीएसईएफआर के प्रदेश उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में पेंशन विहीन कर्मचारियों ने जयपुर मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुरानी पेंशन बहाल करने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि सरकार ने हमें एक नया जीवन दिया इसके लिए हम गहलोत सरकार का कोटि-कोटि धन्यवाद प्रेषित करते हैं। झुंझुनूं जिले से उम्मेद सिंह डूडी के नेतृत्व में सैकडों की संख्या में कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास जयपुर पहुंचे जिसमें रेसला जिलाध्यक्ष, कर्मवीर पूनिया आदि ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया।

## फाइनल मुकाबले में जोड़ी की टीम ने भलाऊ ताल की टीम को हराया

**सादुलपुर**, (निसं)। पंचायत समिति राजगढ के गांव धोलिया में श्री करणी क्रिकेट क्लब धोलिया द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जोड़ी गांव की टीम ने भलाऊ ताल की टीम को हराकर प्रतियोगिता जीती।

वहीं आयोजित क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में जोड़ी गांव की टीम ने 12 ऑवर में 192 रन बनाए। वहीं दुसरी तरफ भलाऊ ताल की टीम ने 100 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच सुरेन्द्र ने नाबाद में 102 रन बनाये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष राठौड़ एडवोकेट मानपुरा ने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोबाईल व टेलीविजन के समय में ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं द्वारा इस तरह खेल कूद प्रतियोगिताओं में भाग लेना काफी सराहनीय कदम है। राठौड़ ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक क्षमता के साथ-साथ बोद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति को क्रिकेट प्रतियोगिता करवाये जाने पर धन्यवाद दिया तथा उन्होंने इसी दौरान शहीद रविन्द्र सिंह राठौड़ को याद करते हुए कहा कि शहीद रविन्द्र सिंह के नाम से दौडने के ट्रेक के अलावा धोलिया गाँव में खेलकूद के लिए स्टेडियम का निर्माण भी किया जाना चाहिए ताकि युवा खेलकूद में अपने गाँव व देश का नाम रोशन कर सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सरपंच धर्मवीर सिंह राठौड़ अलायला व जयवीरसिंह राठौड़ एडवोकेट ने कहा कि खेलकूद से ग्रामीण क्षेत्र में आपसी भाईचारा बढता है तथा युवाओं को सही दिशा मिलती है। इस अवसर पर मनोहरसिंह, नवीन सिंह, रड़मल सिंह, शिवराज सिंह महलाना व आयोजन समिति के अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## स्वरांजलि कार्यक्रम का आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं म्यूजिक एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी स्थित नवरंग कलामंडपम में स्वरकोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वरांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोनिका असिस्टेंट मैनेजर एचडीएफसी लाईफ, ऐश्वर्या सिंह ऑपरेशन लीडर, स्वाधाय सेन्टर फॉर यूथ, आदर्श सुर्यवंशी ऑपरेशन मैनेजर स्वाधाय सेन्टर फॉर यूथ एवं डॉ. राजबाला वरिष्ठ व्याख्याता डाईट झुंझुनूं विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सर्वप्रथम आमंत्रित अतिथियों के साथ डॉ. दिलीप मोदी, नीरजा मोदी, डॉ. रविशंकर शर्मा, कुरडाराम धींवा, सरोज सिंह, उमा शर्मा सहित समस्त गायक कलाकारों ने लता मंगेशकर के चित्र के समक्ष पूष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक सरोज सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में राजेश शर्मा ने कुसुम यादव, दिव्या माहेश्वरी, इरफान गौरी आदि ने गीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर लता मां को याद किया। वहीं मुकेश डूलगच ने अमन मीणा के साथ गिटार पर लता जी के गीतों की माला पिरोकर पेश की। विशेष उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में 6 साल की नन्हीं बच्ची सानिध्या श्री ने पियानो पर गीतों की प्रस्तुतियां दी।

## साप्ताहिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**मण्डावा**, (निसं)। मण्डावा कॉलेज में सोमवार को साप्ताहिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद केरोडिया ने बताया कि सोमवार को महाविद्यालय में एकल नृत्य प्रतियोगिता-2022 आयोजित की गयी। कार्यक्रम सेठ डेडराज ढाढणिया राउमावि मण्डावा के प्रधानाचार्य शहजाद हुसैन खां, राउमावि चूडी अजीतगढ के प्रधानाचार्य राकेश कडायला, राउमावि हनुमानपुरा के प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला, मण्डावा कॉलेज प्रंबध समिति के सचिव किशोरी लाल सैनी, पं. हरिराम शर्मा, गोपाल देवडा, रेखा देवडा, नीलम खेमानी, उमा गोयल आदि मंचासीन अतिथि थें। प्रतियोगिता निर्णायक मण्डल में नीलम वर्मा, बिन्दिया वर्मा एवं नेहा महेश्वरी आदि शामिल थी।

सचिव सैनी ने विजेता प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए बताया कि विभिन्न विद्यालय के प्रतिभागियों साथ कुल 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के छात्र अशोक कुमार रहें। द्वितीय स्थान पर राजकीय स्कूल मौजास की छात्रा कृष्णा कुमारी एवं तृतीय स्थान पर महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा रीतू जांगिड व राजकीय स्कूल तिहावली की छात्रा मोनिका रही। इसके अलावा सप्ताह के अन्तर्गत हुई सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

नृत्य प्रतियोगिता प्रभारी अनूप चौहान व सांस्कृतिक प्रभारी ममता सैनी ने प्रतियोगिता में सराहनीय योगदान दिया। प्रतियोगिता का संचालन व्याख्याता पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ के सद्दाम भाटी, सुरेश कुमार, भूपेन्द्र वर्मा, पवन सैनी, महेन्द्र वर्मा, दीपिका, याषिका वर्मा, दीपा वर्मा, नीतू, प्रकाश सैनी,अशोक चोपदार, मनोज कुमार, लालचन्द सैनी, दामोदर आदि की अहम भूमिका रही। प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद केरोडिया एवं कॉलेज सचिव ने प्रतियोगिताओं के संचालकों एवं विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी।

## दिनेश सुंडा राजस्थान प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गये

**झुंझुनूं/नवलगढ़**, (निसं)। नवलगढ पंचायत समिति प्रधान दिनेश सुंडा को सोमवार को राजस्थान प्रधान संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। सोमवार को जयपुर में प्रदेशभर के प्रधानों की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से करीब सौ से अधिक प्रधानों ने झुंझुनूं प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष व नवलगढ प्रधान दिनेश सुंडा को प्रधान संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुना। वहीं टोंक के मालुपुरा प्रधान सकराम चोपडा को प्रधान संघ का संरक्षक चुना गया है।

प्रधान संघ का प्रदेश अध्यक्ष चुनने के बाद दिनेश सुंडा अन्य प्रधानों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, सीएम सलाहकार डॉ. राजकुमार शर्मा से मिले। सभी ने सुंडा को बधाई दी है। इस मौके पर सुंडा ने मुख्यमंत्री को पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों की मांगों को भी सीएम के सामने रखा। जिस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिया है। सुंडा ने कहा कि वे पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों की आवाज को बुलंद करेंगे। काफी समस्याएं धरातल पर सामने आती है। जिनके समाधान के लिए सभी को साथ लेकर प्रयास किए जाएंगे। वहीं संगठन को हर जिले में खडा किया जाएगा। उन्होंने मौजूद सभी प्रधानों का आभार जताया और विश्वास के साथ कहा कि वे अपने दायित्व का ईमानदारी के साथ निवर्हन करेंगे।



राजस्थान प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद दिनेश सुंडा ने प्रधानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ 22 सूत्री मांगों को लेकर मुलाकात की।

सुंडा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री से 22 मांगें प्रमुख रूप से की गई है। जयपुर के एक होटल में प्रधानों की बैठक के बाद प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल मालुपूरा टोंक के प्रधान व प्रधान संघ के प्रदेश संरक्षक सकराम चौपडा तथा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुंडा के नेतृत्व में सीएम से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल में अराईं अजमेर की प्रधान सीतादेवी, कोटडी भीलवाडा प्रधान करणसिंह, कुशलगढ बांसवाडा प्रधान कानसिंह रावत, हनुमानगढ भादरा प्रधान अनिल ओलख, जैतारण पाली प्रधान मेघाराम, परबतसर नागौर प्रधान मीरादेवी, किशनगढ अजमेर प्रधान रामचंद्र, अजीतगढ सीकर प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव, मांडल भीलवाडा प्रधान शंकरलाल कुमावत, आहोर जालौर प्रधान संतोष कंवर राठौड, रायपुर पाली प्रधान कमला, आसींद भीलवाडा प्रधान सीतादेवी खटीक, कटेडा भीलवाडा प्रधान राजेंद्र कुमार, बुहाना झुंझुनूं प्रधान हरिकृष्ण यादव, दूरडा भीलवाडा प्रधान कृष्णसिंह राठौड, वल्लभनगर उदयपुर प्रधान देवीलाल, भीम राजसमंद प्रधान बीरमसिंह चौहान, नावां नागौर प्रधान संतोष राजेश गुर्जर, मांडलगढ प्रधान सतीश जोशी, रावतसर प्रधान सरस्वती धर्मपाल सिहाग तथा मनोहरथाना प्रधान रामकन्या तंवर शामिल थें।

## बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर कार्यशाला हुई

**चूरू**, (का.सं.)। जिला मुख्यालय स्थित लोहिया महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार आईपीआर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के फैकल्टी ऑफ साइंस व प्राणी शास्त्र विभाग के जूलॉजिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन, नई दिल्ली के पेटेंट अधिकारी डॉ. मनोज बालन ने शिरकत की व पीपीटी के माध्यम से पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, जी आई जैसे बौद्धिक अधिकारों के बारे में जानकारी देने के अलावा इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ते हुए रोजगार के अवसरों पर भी विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विज्ञान संकाय के डीन डॉ शेर मोहम्मद ने विज्ञान दिवस की प्रस्तावना के बारे में बताया। तत्पश्चात प्राचार्य दिलीप सिंह पूनिया ने पधारे मुख्य अतिथि वक्ता का महाविद्यालय की ओर से स्वागत किया व विद्यार्थियों को इस उभरते हुए क्षेत्र में आगे बढ़ने की सलाह दी। प्राणी शास्त्र परिषद के अध्यक्ष डॉ सी एल वर्मा ने वर्तमान समय में आईपीआर की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यशाला के समन्वयक शांतनु डाबी ने मंच संचालन किया। सह समन्वयक के रूप में प्रो. मुकेश मीणा, प्रो. सुमित कुमार डाबी व प्रो. आशीष शर्मा ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

## विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए

**झुंझुनूं**, (निसं)। शाह मार्केट स्थित राजपुताना शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित जी.बी. मोदी पब्लिक स्कूल झुंझुनूं में सोमवार को विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान, वाणिज्य एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी उम्मेद सिंह महला द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए जिनमें बिजली व बैटरी से संचालित विज्ञान मॉडल, व्यापार विनिमय व बचत सम्बंधित वाणिज्य मॉडल, हस्त निर्मित गृह उपयोगी शानदार व सुसज्जित वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया।

## सार-समाचार

### दिव्यांग को ट्राइसाइकिल भेंट की



**झुंझुनूं**,(निसं)। राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान के प्रदेश महामंत्री ने बताया कि हसन अली पुत्र पिरू खां लीलगर निवासी झुंझुनूं जो एकदम से लाचार हालात में जीवव यापन कर रहा है उसकी इस हालत को देखते हुए संस्थान के अध्यक्ष कैलाश चन्द टेलर व सदस्य आरिफ ने हसन अली के घर जाकर ट्राइसाइकिल भेंट की और हाल चाल पूछा और कहा की संस्थान ऐसे लोगों के लिए हरसंभव मदद के लिए तैयार रहेगी।

### बेजुबान पक्षियों के लिए बांधे परिण्डे

**झुंझुनूं**, (निसं)। शहर के गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने स्वच्छता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड ने बताया कि उक्त अवसर पर स्वंयसेवकों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की, पेड-पौधों को पानी दिया एवं परिण्डे बांधकर बेजुबान पक्षी सेवा की अनूठी पहल की। स्वयंसेविका रिया, रिश्वी, किरण, तनूजा कालेर, तनीषा, नेहा कालेर, कोमल, स्वयं सेवक राम मोहन, अनुज ने बेजुबान पक्षियों के लिए परिण्डे बांध कर सेवा कार्य किया गया। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, इकाई प्रभारी राकेश झाझडिया, सह प्रभारी मंगलाराम जांगिड, योगेन्द्र बसेरा मौजूद थे।

### वरिष्ठ अध्यापक का अभिनन्दन किया

**मण्डावा**, (निसं)। सरदार हरलाल सिंह राजकीय आदर्श उमावि हनुमानपुरा में सोमवार को स्कूल स्टॉफ व ग्रामीणों की ओर से वरिष्ठ अध्यापक राजेश कुमार का उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवा के लिए प्रधानाचार्य जवाहरलाल काला की अध्यक्षता में अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा है कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता एवं समाज के पथ प्रदर्शक होते है। शिक्षक शिक्षा के माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारवान व चरित्रवान बनाते है जो आगे चलकर आदर्श नागरिक बनते है और राष्ट्र निर्माण में अग्रणीय भूमिका अदा करते है। समाजिक जागृति के लिए भी शिक्षक का सम्मान जरूरी है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच हरफूलसिंह दूलड, हनुमानपुरा जीएसएस अध्यक्ष मास्टर फूलसिंह, जनसेवी नरेश खादीवाला, महावीर सिंह, मास्टर सुभाष सेवदा, रामकुमार दुलड आदि मंचासीन अतिथि थें। इस अवसर पर अतिथियों व विद्यालय स्टॉफ ने राजेश कुमार का साफा व शॉल ओढाकर व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान शिक्षक राजेश कुमार ने 31 हजार रूपए की लागत से एक कूलर, ऑटोमेटिक घंटी और एक आलमारी विद्यालय को प्रदान की। इस अवसर पर व्याख्याता बुधराम गर्वा, सुनील धायल, विनोद गोदारा,अनिता चौधरी, महेश जागिड, राकेश ढाका सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थें। मंच का संचालन विजय कुमार कडयाल ने किया।

### चौहान के निधन पर संवेदना जताई

**चूरू**, (कासं)। अभिनेता शिवसिंह चौहान के दत्तक पुत्र नवीनसिंह का निधन होने पर फिल्म निर्माताओं व कलाकारों ने शोक व्यक्त किया है। अभिनेता शिवसिंह चौहान के दत्तक पुत्र नवीनसिंह चौहान दिल्ली पुलिस में तैनात थे। पिछले शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर रामगढ़-फतेहपुर शेखावाटी के बीच गंगापुरा बस स्टेण्ड के पास एक सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी। आज गांव जसरासर में चौहान के घर अभिनेता एवं निर्माता अफजल हसन गौरी, अभिनेता एवं निर्माता वासुदेवसिंह, अभिनेता एवं सहायक निर्देशक राजकुमार नायक, डीओपी ओम पूनियां, मैकअप आर्टिस्ट सुनीता वर्मा, निर्माता-निर्देशक राजेन्द्रसिंह शेखावत सहित संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। इसी प्रकार फिल्म राईटर शिवनंदन शर्मा, अभिनेता नागेन्द्रसिंह शेखावत, राज रावल, हरिकृष्ण रवि, सुशील कुमार जोशी, सरोज बरोड़, चन्द्रकांता चन्द्रेश, गीतिका डीगवाल आदि ने नवीनसिंह चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### डोटासरा का अभिनंदन किया

**पाटन**, (नि.स)। कर्मचारियों की वेतन कटौती वापस लेने एवं पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने पर राजस्थान पंचायती राज कर्मचारी संघ सीकर के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का 71 मीटर लंबा साफा बांधकर स्वागत किया। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए राज्य सरकार को डोटासरा के माध्यम से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कर्मचारी हित में की गई इन घोषणाओं के लिए किए गए सकारात्मक सहयोग के लिए संगठन आभार व्यक्त करता है, और संगठन अपेक्षा करता है कि आप संगठन के प्रति भविष्य में भी सहृदयता दिखाते रहेंगे। इस अवसर पर 51 किलो की फूल माला से डोटासरा का स्वागत किया गया। इस मौके पर महासंघ जिला अध्यक्ष भुवनेश शर्मा ,महामंत्री सुरेंद्र निर्वाण, हरिराम बुनकर ,मोहनलाल, बलवीर, टंवर सिंह, राजेंद्र सिंह, मुकेश चेढवाल, मनोज पिपराली आदि मौजूद रहे।

### लोहिया स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन

**चिड़ावा**, (निसं)। लोहिया स्कूल में आज विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 और 7 के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने काफी नए विषयों पर मॉडल बनाए। शिक्षिका मानसी चौधरी और शिक्षक राजीव जांगिड़ के नैतृत्व में छात्रों ने हाइड्रोलिक जेसीबी और सोलर ऊर्जा प्लांट जैसे काफी मॉडल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में निदेशक जगपाल सिंह यादव, प्रबंध निदेशक राम सिंह नेहरा,नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय सिंह बडेसरा,चेयरपर्सन ममता नेहरा, सचिव प्रदीप नेहरा, प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कक्षा 7 के पारस के मॉडल को प्रथम, सोनू और इशू को द्वितीय हर्षित और मानवी को तृतीय स्थान की घोषणा की। सभी विद्यार्थियों ने अनावश्यक सामग्री का प्रयोग कर सभी मॉडल बनाये थे। विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पूरनमल गजराज, गुलज़ार खान,कन्हैया लाठ, सरिता राव,कविता सोनी,सुरेश भालोठिया, हरिराम शर्मा,सुरेश यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### सेवानिवृति पर दी शुभकामनाएं

**बीदासर**, (निसं)। नगरपालिका बीदासर के सहायक कर्मचारी रामेश्वरलाल की अधिवार्षिक आयु पूर्ण होने पर सोवकार को सेवानिवृति का कार्यक्रम नगर पालिका के सभागार में पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया ने बताया कि सहायक कार्मिक रामेश्वर लाल ने 41 वर्ष 03 माह 26 दिन की सेवा नगरपालिका में दी है और इनका आगे का जीवन स्वस्थ, खुशी से जीवनयापन और धार्मिक कार्यों में व्यतित हो। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी अखिलेश पारीक, कनिष्ठ लेखाकार राजेंद्र सिंह पंवार, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़ ने कर्मचारी रामेष्वर लाल को शॉल औढ़ाकर तथा माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया और उनके उज्ज्वल भविश्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**सादुलपुर**, (निसं)। गीता देवी सरावगी बालिका विद्यालय राजगढ में राजस्थान पैंशनर्स समाज उपशाखा राजगढ की कार्यकारिणी की मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 13 मार्च को गीतादेवी पाठशाला में पैंशनर्स दिवस मनाया जायेगा एवं आगामी पाँच वर्ष के लिए अध्यक्ष का चुनाव होगा। वहीं राजस्थान पैंशनर्स समाज उपशाखा राजगढ के अध्यक्ष सत्यनायण गुप्ता नें तहसील राजगढ के समस्त आजीवन सदस्यों से इस पाँच वर्षीय चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नये अध्यक्ष का चुनाव करने की अपील की है।